# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com
वेबसाइट : www.ushadoon.org
सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

दिनांक अक्टूबर , 2014

---

**<u>दिनांक 12.10.2014 को सोसाइटी परिसर के क्लब हाउस में आयोजित ग्यारहवीं सामान्य गोष्ठी का कार्यवृत्त</u>**

दिनांक 11.09.2014 को सचिव/कार्यकारिणी समिति उषा के द्वारा जारी किये गये नोटिस के अनुसार गोष्ठी की कार्यवाही दिनांक 12.10.2014 को ठीक 1700बजे आरम्भ घोषित की गयी, लेकिन कोरम पूरा न होने के कारण इसे 1730बजे तक के लिये स्थगित किया गया।

समय 1730बजे पुनः गोष्ठी आरम्भ घोषित की गयी। इस समय कोरम पूरा होने पर अग्रिम कार्यवाही निम्नवत् शुरू हुई–

1– गोष्ठी में कुल 19 सदस्य उपस्थित हुए।

2– गोष्ठी के प्रारम्भ में अध्यक्ष कार्यकारिणी श्री इन्दु कुमार पाण्डे द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का सपरिवार स्वागत किया गया एवं अवगत कराया गया कि यह गोष्ठी उत्तराखण्ड राज्य में दैवीय आपदाओं के कारण कुछ विलम्ब से आयोजित की जा सकी, फिर भी यह कलैण्डर वर्ष में ही आयोजित की गयी है।

3– एजेण्डा बिन्दुओं के अनुसार सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा Action Taken Report की समीक्षा सदन के सम्मुख प्रस्तुत की गयी। जिसमें वार्षिक अनुरक्षण शुल्क (AMC), जल आपूर्ति से सम्बन्धित समस्या व एटीएम, कम्युनिटी हॉल व क्लब एवं सदस्यता सम्बन्धी बिन्दुओं पर अब तक कृत कार्यवाही का विवरण दिया गया। सदन में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा आलोच्य अवधि में कृत प्रयासों एवं उपलब्धियों पर सन्तोष प्रगट किया गया।

4– इसके पश्चात सचिव, कार्यकारिणी श्री अमित कुमार सिन्हा के द्वारा Annual Report को प्रस्तुत कर पढ़ा गया। जिसकी एक–एक प्रति अन्य सामग्री सहित उपस्थित सदस्यों को उपलब्ध कराई गयी। रिपोर्ट की समीक्षा उपरान्त सदन द्वारा सर्वसम्मति से इसे यथावत स्वीकार किया गया।

5– इसके उपरान्त कोषाध्यक्ष कार्यकारिणी श्री सुरेन्द्र मेहरा के कतिपय कारणों से उपस्थित न हो पाने के कारण सचिव, कार्यकारिणी श्री अमित कुमार सिन्हा द्वारा कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, जिसमें वार्षिक अनुरक्षण शुल्क (AMC), जो वर्तमान में ₹15000/ है, को बढ़ाकर ₹20000/किये जाने का निर्णय लिया गया।

6– सदन में सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत Annual accounts & Balance sheet को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

7– श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि वे पूर्व की भाँति यह कार्य बिना किसी आर्थिक लाभ के जारी रखेंगे। उनके द्वारा सोसाइटी को अब तक दी गयी प्रशंसनीय सेवाओं व सहयोग हेतु सदन द्वारा धन्यवाद दिया गया।

8— कालोनी के गेट के पास ए0टी0एम0 एवं बैंक का निर्माण किये जाने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया व कालोनी परिसर के अन्दर स्विमिंग पूल बनाने का निर्णय भी लिया गया।

9— सोसाइटी के By-laws पर विचार कर यथा आवश्यकता संशोधन करने का निर्णय लिया गया।

10— सोसाइटी के निर्माण मानकों के उल्लंघन सम्बन्धी मामले में विचार—विमर्श उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि अब तक मानकों के सम्बन्ध में लिये गये निर्णयों को सम्मिलित कर By-laws को नियमानुसार संशोधित किया जाय।

11— सदस्यों के द्वारा यदि निर्माण सामग्री सड़क पर एकत्र की जाती है तो उन्हें इसे हटाने हेतु नोटिस जारी किया जाये अथवा निर्माण सामग्री हटवा दी जाये।

12— सदस्यों के पक्ष में पंजीकरण के विषय में विधिक राय लेकर कार्यवाही पर निर्णय लिया जाये।

इस सम्बन्ध में कार्यकारिणी को समस्त विधिक बिन्दुओं पर विचारण करने के उपरान्त निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया।

अन्त में सदन के द्वारा वर्ष 2014—15 हेतु नयी कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन किया गया, जिसमें निम्नवत् पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया—

| | |
|---|---|
| 1—श्री सुभाष जोशी | अध्यक्ष |
| 2—श्री एस0के0 भगत | उपाध्यक्ष |
| 3—श्री एल0एम0 पन्त | उपाध्यक्ष |
| 4—श्री एस0पी0 सुबुद्धि | सचिव |
| 5—श्री सुरेन्द्र मेहरा | कोषाध्यक्ष |
| 6—श्री ए0के0 राणा | सदस्य |
| 7—श्री आर0के0 सुधांशु | सदस्य |
| 8—श्रीमती आकंक्षा सिन्हा | सदस्या |

यह कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से अपना कार्यभार ग्रहण करेगी।

किसी अन्य सदस्य द्वारा सदन के समक्ष विचारण हेतु कोई बिन्दु नहीं रखा गया। इसके साथ ही ग्यारहवीं सामान्य वार्षिक गोष्ठी अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त की गयी।

**—हस्ता0—**
(इन्दु कुमार पाण्डे)
अध्यक्ष / उषा

प्रतिलिपि—

1— समस्त सदस्यगण

2— श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0